दिनांक 25 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अतिक्रमण के विरुद्ध भिलाई निगम का अभियान, छावनी में हटाए गए अवैध कब्जे

भिलाई नगर/ अतिक्रमण के विरुद्ध भिलाई निगम ने अभियान छेड़ रखा है। शहर से अवैध ठेले एवं कब्जों को हटाया जा रहा है। भिलाई शहर के मुख्य सड़कों के किनारे नाली के उपर हुए अवैध अतिक्रमण को निगम की टीम जे.सी.बी से बेदखली की जारी है। अवैध कब्जाधारियों ने मिल कर सुंदर विहार कॉलोनी में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लगभग 5 हजार वर्गफीट भूमि पर बाउंड्रीवाल तथा फैंसिंग तार से घेरा कर लिए थे, जिसे निगम की टीम ने तोड़फोड़ करते हुए कालम गड्ढे को पाटकर समतल किया। इसी प्रकार जोन 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में वार्ड 41 छावनी तिरंगा चौक के समीप ट्रांसपोर्ट नगर पहुंच मुख्य सड़क के किनारे अवैध रूप से दुकान संचालित होने से वाहनों के आवागमन में हो रही समस्या के शिकायत पर निगम की टीम जेसीबी लेकर पहुंची और अवैध दुकानों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में बेदखली कि कार्यवाही कर यातायात को सुगम बनाया गया। कार्यवाही में भवन अनुज्ञा के उप अभियंता सिद्धार्थ साहू , जोन 02 के सहायक राजस्व अधिकारी जगदीश तिवारी , तोड़फोड़ दस्ता के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू तोड़फोड़ टीम के कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे। बता दे कि लक्ष्मी मार्केट , सुपेला घडी चौक से गदा चौक तक नाली के उपर बने अवैध अतिक्रमण को जे.सी.बी. से ध्वस्त कर नाली को गहराई से साफ करने के निर्देश आयुक्त ने स्वास्थ एवं राजस्व अमले को निर्देश दिए है ताकि बारिश मे शहर मे जल भराव की स्थिति न बने।